### एक नजर में

## शिक्षक काली दीपावली मनाने की कर रहे तैयारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा डीए एरियर्स और लंबित स्वत्वों के तत्काल भुगतान के निर्देश जारी किए जाने के बावजूद अधिकांश शिक्षकों को अब तक भुगतान नहीं मिल सका है। इससे नाराज शिक्षक अब काली दीपावली मनाने की तैयारी में हैं।**

जिला शिक्षा अधिकारी ने 14 अक्टूबर को आदेश जारी कर कहा था कि दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त शिक्षकों और अतिथि शिक्षकों को तीन दिन के भीतर डीए एरियर और मानदेय का भुगतान किया जाए, साथ ही प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया जाए कि किसी भी कर्मचारी का भुगतान लंबित नहीं है लेकिन आदेश जारी होने के बाद भी विकासखंड शिक्षा अधिकारी और अधीनस्थ संकुल प्राचार्य उदासीन बने हुए हैं। शिक्षकों का कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही के चलते उन्हें हर बार भटकना पड़ता है। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जब शिक्षकों से संबंधित कार्रवाई करनी होती है तो अधिकारी तत्परता दिखाते हैं लेकिन जब वेतन, एरियर्स या मानदेय भुगतान की बात आती है तो फाइलें महीनों तक दबी रहती हैं।

# धनतेरस पर्व पर करोड़ों की खरीददारी का करोबार

**पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की हुई शुरुआत**

**शुभ मुहूर्त में लक्ष्मी पूजा की सामग्री लेने लगी कतारें**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। दीपावली का पर्व शुरू होते ही शनिवार को मनाये गए धनतेरस के पर्व के दौरान बाजार में लोगों ने मुहूर्त अनुसार करोड़ो रुपए के सामान की खरीददारी की। शनिवार से प्रारम्भ हुए दीपावली पर्व को लेकर लोगों में बेहद उत्साह देखा जा रहा है। इस पर्व की शुरूआत धनतेरस से शुरू होती है। यह पर्व पांच दिवसीय होता है। भाईदोज के दिन दीपावली पर्व का समापन किया जाता है।**

दरअसल पिछले साल की तरह इस वर्ष भी दीपावली का पर्व अक्टूबर माह में मनाया जा रहा है। जिसके चलते शनिवार को दीपावली पर्व के शुरूआत के दिन धनतेरस पर्व पर लोगों ने जमकर खरीददारी करते हुए त्योहार की शुरूआत की। लोगों ने



धनतेरस के दिन भगवान की पोषाक सहित अन्य जरूरी सामग्री की खरीददारी की। वहीं ग्राहक बाजार में मां लक्ष्मी की प्रतिमा सहित अन्य सामान की खरीददारी करते हुए दिखाई दिए। हालांकि इस अवसर पर लोगों ने मिष्ठान की खरीददारी भी की। हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। सोना,चांदी, झाड़ू और नए बर्तन की खरीदारी करने के लिए धनतेरस का दिन बेहद शुभ माना जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दिवाली से पहले धनतरेस का पर्व क्यों मनाया जाता है और इसे मनाने का क्या कारण है, चलिए आपको विस्तार से बताते हैं कि धनतेरस को मनाने शुरुआत कब और कैसे हुई थी।

पांच दिनों के दीपोत्सव की शुरुआत आज शनिवार को धनतेरस से हो चुकी है। जिसे लेकर बाजारों में खूब रौनक देखने के लिए मिलती है, इस पांच दिनों के दीपोत्सव की शुरुआत धनतेरस से हुई है। हर साल कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन धनतेरस का पर्व मनाया जाता है।

इस साल 18 अक्टूबर शनिवार को धनतेरस का त्योहार मनाया गया। धनतेरस के दिन सोना, चांदी, बर्तन और झाड़ू जैसी चीजें खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। धनतेरस के मौके पर भगवान धन्वंतरि और यमराज की पूजा का विधान होता है। हर साल धनतेरस के दिन आगे बढ़-चढ़कर खरीदारी करते होती है।

### क्यों मनाया जाता है धनतेरस

हिंदू धर्म शास्त्रों में वर्णित कथाओं के मुताबिक, समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि हाथों में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। जिस तिथि को भगवान धन्वंतरि समुद्र से प्रकट हुए, वो कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि थी। भगवान धन्वंतरि समुद्र से हाथों में कलश लेकर प्रकट हुए थे, इसलिए इस मौके पर बर्तन खरीदने की परंपरा चली आ रही है। भगवान धन्वंतरि को श्रीहरि विष्णु भगवान का अंश भी माना जाता है। भगवान धन्वंतरि ने ही पूरी दुनिया में चिकित्सा विज्ञान का प्रचार . प्रसार किया। भगवान धन्वंतरि के प्रकट होने के उपलक्ष्य में ही हर साल धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है और विधि विधान से भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना की जाती है।

### लोगों ने की जमकर खरीददारी

इस वर्ष धनतेरस पर्व पर शनिवार के दिन शहर के कटरा बाजार, लुकमान चौराहा, गांधी चौराहा, अस्पताल चौराहा सहित अन्य स्थानों पर ग्राहकों की भीड़भाड़ देखने को मिली। ग्राहकों में जहां सोना एवं चांदी के आभूषणों की खरीददारी की वही दोपहिया वाहन एंजेसियों पर ग्राहकों की लंबी कतारे लगी रही। इस अवसर पर वर्तनों की दुकानों पर भी लोग खरीददारी करते हुए दिखाई दिये। साथ ही दीपावली पर्व पर लक्ष्मी पूजन में उपयोग होने वाली सामग्री की खरीद लोगों द्वारा की गई। शहर के लोगों ने धनतेरस के पर्व पर मुहूर्त के अनुसार बाजारों में पहुंचकर जमकर खरीददारी की। अनुमान लगाया जा रहा है कि धनतेरस पर शहर के व्यापारियों का करोड़ो रुपए का व्यापार हुआ है।

## लापता युवक को बंधक बनाने का आरोप



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। थाना देहात से अंतर्गत एक युवक बीते कई दिनों से लापता है। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की मगर पता नहीं लग पाने के कारण परिजन देहात थाना पहुंचे जहां पीड़ित परिवार की शिकायत दर्ज नहीं की गई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर समूचे घटनाक्रम का शिकायती आवेदन देते हुए अपने पुत्र को बंधक बनाए जाने की आशंका जाहिर की है।**

शिकायती आवेदन में बताया गया कि विशाल 25 सितंबर की शाम घर से चला गया था। अगले दिन 26 सितंबर को उसने अपनी मां को फोन किया, लेकिन बात पूरी होने से पहले ही कॉल कट गया। इसके बाद से उसका मोबाइल नंबर बंद आ रहा है। विशाल के पिता ने बताया कि वह पत्नी के साथ मजदूरी के लिए दिल्ली गए थे। भाई से सूचना मिलने पर वे वापस लौटे और विशाल की तलाश की। 29 सितंबर को उन्होंने देहात थाने में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की। लेकिन उनका आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। परिजनों ने पुलिस को विशाल का मोबाइल नंबर और जिस नंबर से उसने मां को फोन किया था, उसकी जानकारी दी। शनिवार को विशाल के माता-पिता और ग्रामीण एडिशनल एसपी विक्रम सिंह से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने विशाल का पता लगाने की मांग की है। पीड़ित परिवार ने इस मामले में न्याय की गुहार लगाई है।

## जाम लगने से स्थानीय लोग हो रहे परेशान



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। टीकमगढ़-झांसी हाइवे पर ग्राम बम्होरी खास के बस स्टैंड, मुख्य बाजार और जैन मंदिर के पास मोड़ पर दिन में कई बार वाहनों के कारण लंबा जाम लग जाता है। जैन मंदिर के पास मोड़ पर वाहन जाम में फंस गए। जिससे छोटे-बड़े कई वाहन फंसे रहे और चालक व पैदल राहगीर परेशान हुए।**

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह समस्या पिछले कई महीनों से लगातार बनी हुई है। बस स्टैंड, बाजार, लक्ष्मण मंदिर और जैन मंदिर के पास सड़क पर जाम लगने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को निकलने में भारी दिक्कत होती है। जाम की स्थिति में आमतौर पर कोई जिम्मेदार मौजूद नहीं होते हैं, जिससे वाहनों की सही दिशा में आवाजाही सुनिश्चित नहीं हो पाती। बड़ी देर तक जाम लगने पर स्थानीय लोग मिलकर वाहनों को निकालने में मदद करते हैं। कभी-कभी जाम की स्थिति गंभीर होने पर थाना दिगौड़ा को सूचना देकर मदद ली जाती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन और जिम्मेदारों द्वारा अब तक इस समस्या के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इससे हर दिन आवागमन में बाधा आती है और लोगों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में कठिनाई होती है।

## हार-जीत का दांव लगाते जुआरी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कोतवाली पुलिस ने जुआ-सट्टा जैसे अवैध कार्यों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की। दीपावली एवं आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए।**

इसीक्रम मेंकोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेंद्र चाचोंदिया एवं उनकी टीम ने 16 अक्टूबर की रात में मुखबिर की सूचना पर ताल दरवाजा क्षेत्र में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके पर जुआ खेलते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 73 हजार रुपए नकद व अन्य सामग्री जब्त की। पकड़े गए आरोपियों में निवासी नरैया मोहल्ला धीरज खटीक 33 साल, अन्नू सेन 38 ताल दरवाजा, ध्रुव सिंह गहिरवार 39 इंद्रपुरी कॉलोनी, अंकुश कुशवाहा 35 ताल दरवाजा, शैलेंद्र यादव 35 साल पहाड़ी तिलवारन, विवेक बिदुआ 40 ताल दरवाजा, उद्देश वैद्य 27 साल ताल दरवाजा, अजय सिंह पायक 25 नया बस स्टैंड टीकमगढ़ शामिल हैं। इस कार्रवाई में आरक्षक ऋषि प्रताप, गजेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह एवं अवधेश दांगी शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस निगरानी जारी है।

## मैच देखने के दौरान छत से गिरा दर्शक घायल



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के नजरबाग मैदान में चल रहे यूनिटी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान एक युवक जर्जर स्कूल की छत से गिरकर घायल हो गया। शुक्रवार देर रात हुए इस हादसे में युवक के पैर में फैक्चर आया है जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना टीकमगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र की है।**

घायल युवक की पहचान शहर के बदान मोहल्ला निवासी पप्पू खान के बेटे रिहान के रूप में हुई है। 108 एम्बुलेंस की मदद से उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। परिजनों ने बताया कि हादसे में रिहान के पैर में फ्रैक्चर आया है। यह घटना नजरबाग खेल मैदान के बगल में स्थित गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल की पुरानी बिल्डिंग में हुई। राजशाही दौर में बनी यह इमारत काफी जर्जर हो चुकी है। लगभग चार साल पहले स्कूल भवन को दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया गया था, जिसके बाद से यह बिल्डिंग पूरी तरह से खाली पड़ी है। बताया गया है कि शुक्रवार रात फाइनल मैच देखने के लिए कुछ लोग इस जर्जर बिल्डिंग की छत पर चढ़ गए थे। अंधेरा होने के कारण छत की खराब स्थिति का अंदाजा नहीं लग पाया और रिहान नीचे गिर गया। टूर्नामेंट कमेटी पर भी आरोप है कि उन्होंने लोगों को जर्जर छत पर चढ़ने से नहीं रोका, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

## छेड़छाड़ के आरोपी को सश्रम कारावास

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नरेन्द्र कुमार गुप्ता की अदालत ने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ करने के मामले मेंथाना मोहनगढ़ निवासी 21 वर्षीय युवक अजय यादव को दोषी माना है। जिसे न्यायालय ने 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 45 सौ रुपए के अर्थदंड दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुबे द्वारा की गई। कार्यवाही निरीक्षक इंसाफ अली ने की।**

प्रकरण के अनुसार 5 फरवरी 2025 को शाम लगभग 5.30 बजे, पीड़िता शौच के लिए घर से निकली थी। उसी समय आरोपी अजय यादव ने उसे रास्ते में रोककर बुरी नीयत से छेड़छाड़ की। बालिका के चिल्लाने पर उसका छोटा भाई घटनास्थल पर पहुंचा, जिससे आरोपी भाग निकला।

## दशहरा मिलन कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक

**नवभारत न्यूज खरगापुर। नगर के एक निजी गार्डन में दशहरा मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में खरगापुर विधानसभा की कांग्रेस विधायक श्रीमति चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर मुख्य अतिथि रहीं। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवीन साहू, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष गोविन्द सिंह गौर सहित तमाम क्षेत्रवासी मौजूद रहे।**



दशहरा मिलन कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने भगवान श्री गणेश एवं रामराजा सरकार की आरती उतारकर की गई। विधायक श्रीमति गौर ने कहा कि शासन दूसरी पार्टी का है इसलिए शासन के विधायकों को लगभग 15 करोड़ विधायक निधि दी जाती है हम लोगों को लगभग ढाई करोड़ विधायक निधि मिलती है भाजपा के विधायक जो कार्य 15 करोड़ में करते हैं वह दिखाई नहीं देता है हमारा कार्य ढाई करोड़ में भी सबको देखने को मिलेगा और दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम के अंत में हरिशंकर राय ने सभी का सम्मान करते हुए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में सुरेंद्र सिंह गौर नवीन साहू कांग्रेस जिला अध्यक्ष, रविंद्र सिंह गौर, स्वतंत्र यादव, पलेरा नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा, अभय मोर, डॉ. अमर सिंह, डॉक्टर महेंद्र सिंह, प्रभु दयाल गंगेले, डॉक्टर सूरज भानपुरा, हरदयाल साहू, श्रीमती रानी पाठक, रामदेवी अहिरवार, बहादुर सिंह, श्याम बिहारी मिश्रा, रमाशंकर गोस्वामी, आयूब्ब मस्तान, कल्याण, शेख लाल खां सहित खरगापुर विधानसभा के तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधायक ने क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों में उपस्थित जन समुदाय से सहयोग करने की अपील की है।

## मकान में तोड़फोड़ कर कब्जा करने की एसपी से शिकायत

**जिला न्यायालय में मामला है विचाराधीन**

**पीड़ित परिवार ने मामले में पुलिस से मांगा न्याय**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। पुस्तैनी रिहायशी मकान की तोड़ फोड़ करने एवं जबरन कब्जा कर निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पीड़ित परिवार ने एक शिकायती आवेदन दिया है।**





पीड़ित परिवार की ओर से फरियादी साबिर खान, साकिर खान, शहजाद खां पिता वहीद खां निवासी मोटे का मोहल्ला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिए शिकायती आवेदन में बताया कि प्रेमादेवी नाम की महिला ने वहीद खां के विरूद्ध जिला न्यायालय में एक मामला पेश किया था जिसमें प्रेमादेवी की मृत्यु हो जाने के उपरांत अभिलाषा मिश्रा, सुनीता मिश्रा, योगेन्द्र मिश्रा इस मामले में पक्षकार बन गए और वहीद खां की मृत्यु हो जाने पर साबिर खां, साकिर खां, शहजाद खां पक्षकार बनाए गए। दीवानी मामला वादी साक्ष्य में चल रहा है किंतु प्रेमा देवी के वारिसों ने पिछलें 4-5 पेशियों में कोई साक्ष्य पेश नहीं किए हैं। प्रत्येक बार साक्ष्य के लिए यह लोग अवसर ले लेते हैं। प्रेमा देवी के वारिसों को कोई हक नहीं है इनके पास मकान नंबर 170 वार्ड नं. 20 के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं है। मालिक होने एवं कब्जाधारी होने के प्रमाण भी नहीं हैं। जबकि पीड़ित परिवार लगभग 40 वर्ष से लगातार निवास करता आ रहा है। प्रार्थीगण के पूर्व वहीद खां भी पूरे जीवन भर उसी मकान में निवास करते रहे हैं। बताया गया कि प्रेमादेवी मकान मालिक नहीं हैं और प्रार्थीगण के पिता और उनके किराएदार भी नहीं है फिर भी निष्कासन का झूठा दावा किया गया है। बताया गया कि 12 अक्टूबर की दोपहर में अभिलाषा, सुनीता, योगेन्द्र अपने साथ दो पुलिस वालों को लेकर प्रार्थीगण के निवास पर पहुंचे और मकान खाली करने के लिए अभ्रद्र गालियां देने लगे मना करने पर उनके द्वारा जान से माने की धमकी दी गई। उन्होंने प्रार्थी की नेट फाड़कर फैक्ट्री और निर्माण कार्य करने के लिए वहां पर सामग्री रखवाने लगे। जिससे प्रार्थीगण का आवागमन बाधित हो रहा है।

बताया गया कि प्रार्थी के घर में उसकी लड़की की शादी है शादी की तैयारियों में सभी लोग लगे हुए हैं ऐसे में सुनीता, योगेन्द्र एवं अभिलाषा को कोतवाली की पुलिस लेकर आना अनुचित है। उन्होंने बताया कि यह सभी निवासी तालदरवाजा के हैं। एसपी से न्याय की मांग की गई।

**पहल** कलेक्टर सहित भाजपा जिलाध्यक्ष हुईं कार्यक्रम में शामिल

## धजरई धाम पर महंत सीताराम दास ने कराई गौशाला की शुरुआत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यालय के धजरई धाम गौशाला की शुरुआत धजरई मंदिर के महंत सीताराम दास महाराज ने की। इस गौशाला का संचालन व देखरेख महंत सीताराम दास महाराज व उनका शिष्य मंडल करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाराज ने कहा कि देश को आजाद हुए 77 साल हो गए हैं लेकिन आज भी गौवंश दर-दर भटक रहा है। इसके लिए अब तक कोई ठोस कदम हमारी केंद्र व प्रदेश की सरकार नहीं उठा पा रही है।**



महाराज ने कहा कि गाय पशु नहीं, बल्कि हमारी माता और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा के साथ हमारी आराध्य भी हैं। महाराज ने लोगों से विशेष अपील की कि गौमाता को सुरक्षित घरों में बांधकर रखें और उनकी सही देखभाल करें। उन्होंने कहा कि अगर सड़कों पर दूध देने वाली गाय दिखेगी तो सबसे पहले उसी गाय को इस धजरई धाम गौशाला में रखेंगे। अगर पशुपालक आएंगे तो फिर दुधारु गामाता को मैं वापस नहीं करूंगा। इसलिए गांव के लोग सुधर जाएं और अपने घरों में गौमाता को रखें और उनकी सेवा करें। उन्होंने अपने शिष्यों से कहा कि आने वाले दिनों में हमें तय करना है कि गौमाता की सेवा निशुल्क करें। महाराज ने बताया कि गौ-पालन और संरक्षण समाज की परंपरा और पहचान का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि गौमाता की सुरक्षा मिलकर करने से समाज में सौहार्द, सुरक्षा और समृद्धि बनी रहती है। व्यक्तिगत प्रयासों के साथ-साथ सामूहिक प्रयास भी आवश्यक हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अपने गोबर और गौ-संबंधी संसाधनों का सही उपयोग करें और गौमाता के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। महाराज बोले- इस गौशाला को बनाएंगे आदर्श गौशाला सीताराम दास महाराज ने कहा कि जरई धाम में जो गौशाला शुरू हुई है, वह जिले की आदर्श गौशाला बनाना है। इस दौरान महाराज ने सभी को गौ संरक्षण का भी संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि जब तक गौमाता सुखी नहीं होगी हमारा समाज भी सुखी और समृद्ध नहीं होगा। महाराज ने कहा कि देश को आजाद हुए 77 साल हो गए हैं लेकिन आज भी गौवंश दर-दर भटक रहा है। इसके लिए अब तक कोई ठोस कदम हमारी केंद्र व प्रदेश की सरकार नहीं उठा पा रही है। गौवंश आज भी अपने आशियाने की आस लगाए हैं।

### गौशाला से मिलेगा युवाओं को रोजगार

देशभर से लोग यहां पर गौशाला देखने आएंगे कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि अगर सड़कों से गौमाता को व्यवस्थित स्थान मिलेगा तो निश्चित सड़क दुर्घटनाओं में गिरावट देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह गौशाला उन गायों के लिए है, जिनका कोई नहीं है। इस गौशाला से आने वाले दिनों में स्थानीय युवाओं को निश्चित ही रोजगार भी उपलब्ध होगा। वहीं आने वाले दिनों में देश ही नहीं विदेश के लोग भी इस गौशाला को देखने आएंगे। एक संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना है।

## गेट नहीं होने से व्यर्थ बह रहा स्टाप डेम का पानी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बल्देवगढ़ क्षेत्र के उर नदी पर बने करमासन स्टॉप डैम के गेट नहीं लगाए जाने से पानी व्यर्थ बह रहा है। पानी बहने के कारण गर्मियों में पशुओ को प्यास बुझाने के लिए परेशान होना पड़ेगा। यहां के सरपंच ने बताया कि स्टॉप डेम का गेट कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया है। जिसके चलते यह समस्या बन रही है।**

दरअसल इस वर्ष जिले में सामान्यत: 30 सितंबर तक बारिश का मौसम माना जाता है, उसके बाद हर साल जल संरक्षण के लिए तैयारी शुरू हो जाती है लेकिन इस बार भी मैदानी अमला सुस्त है। घाट करमासन स्थित यह स्टॉप डैम ग्राम पंचायत करमासन हटा के अधीन है। सरपंच नंदलाल लोधी ने बताया कि स्टॉप डैम के गेट चोरी हो गए हैं, इसलिए पिछले साल हमने कंक्रीट और ईंट की दीवार बनाकर पानी रोका था।

## केन्द्रीय मंत्री ने दुकानदारों को दी बधाई




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने दुकानदारों व व्यापारी से दीपावली पर्व को लेकर मुलाकात कर उन्हें त्योहार की शुभकामनाएं दी।**

भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, विवेक चतुर्वेदी, अनुराग वर्मा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने नगर में मिश्रा तिराहा, लुकमान चौराहा, नजाई गेट, तिरंगा चौराहा, जवाहर चौराहा, कटरा बाजार, छोटी देवी मंदिर, सुभाष बुक डिपो , अवस्थी चौराहा ,गांधी चौराहा होते हुए छोटे- बड़े दुकानदारों व व्यापारियों से मुलाकात करते हुए उनकी कुशलक्षेम पूछकर उन्हें धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने सभी से स्वदेशी अपनाने की अपील की है। इस अवसर पर नरेश तिवारी, प्रफुल्ल द्विवेदी, अरविंद खटीक, सुरेश दोंदरिया, शुभम व्यास मौजूद रहे।